तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
वनांचल भूमि
रायपुर, मंगलवार 16 सितंबर 2025

12 आईटीबीपी कोंडागांव में हिंदी पखवाड़े का शुभारंभ...



12 वादों की बारात निकाल एनएचएम कर्मियों ने ...





# परिक्रमा के लिए आकार ले रहा फूलरथ, सौ से अधिक कारीगर बहा रहे पसीना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

विश्व विख्यात बस्तर दशहरा पर्व में परिक्रमा करने विशाल रथ का निर्माण कार्य बुधवार को बारसी उतारनी रस्म के साथ शुरू हुआ। सौ से अधिक कारीगर फूलरथ निर्माण के लिए चक्कों को आकार दे रहे हैं। पहियों के बाद रथ के अन्य पार्टस का निर्माण किया जाएगा।

गौरतलब है कि रियासतकाल से ही रथ निर्माण का कार्य बेड़ाउमरगांव व झारउमरगांव के ग्रामीणों को दिया गया था, जिसका सैकड़ों वर्षों से निर्वहन करते आ रहे है। रथ निर्माताओं के मुखिया दलपति ने बताया कि आने वाले दो दिन में रथ के पहियों का काम पूर्ण कर लिया जाएगा। चक्कों का कार्य पूर्ण होने के बाद ही रथ के अन्य हिस्सों का निर्माण किया जाएगा।

इस बार दुमंजिला चार चक्कों के फूलरथ का निर्माण किया जा रहा है। रथ कारीगरों ने बताया कि रथ निर्माण के लिए मुख्य रूप से बारसी, बिधंना, मुटला, बसूला, टंगिया, कुद़ार तथा बढ़ई के द्वारा उपयोग करने वाले औजारों का उपयोग किया जाता हैं। पहले चरण में रथ का चक्का तैयार किया जा रहा है। बस्तर के माचकोट, कागेंर व दरभा के जंगलों से लाए साल, टीचस, धामन, सराई व बांस समेत अन्य प्रजाति के लकड़ी को छीलकर कारीगर उसे आकार देने में लगे हुए हैं। चक्का निर्माण पूर्ण होने के बाद बकरे की बलि व पूजा अर्चना के साथ ही नारफोड़नी रस्म की अदायगी की जाएगी।

### माचकोट, कांगेर व दरभा के जंगल से लाई गई लकड़ी



### साल, टीचस, धामन व सराई व बांस का उपयोग

चार चक्के के विशाल रथ निर्माण के लिए बस्तर के अलग अलग जंगल से अलग अलग प्रजाति के पेड़ों की कटाई की जाती है। इन लकड़ियों में साल, टीचस, धामन व सराई व बांस का रथ निर्माण में उपयोग होगा। विशाल रथ में पाटा, मगरमुंही, अचांड के अलावा बांस, तरला पता व सियाड़ी रस्सी का उपयोग किया जाएगा। इसके लिए रियासतकाल से अलग अलग गांव व परगना के ग्रामीणों को जिम्मेदारी दी गई है जो चक्का निर्माण के बाद आने वाले समय में अपने अपने दायित्व का निर्वहन करते हुए रथ निर्माण में सहयोग करेंगे।

## खबर संक्षेप

### महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष का नगर आगमन



**जगदलपुर।** भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष विभा अवस्थी दो दिवसीय प्रवास पर आज जगदलपुर पहुंची। उनके स्वागत के दौरान हेमलता शर्मा, संगीता शर्मा, रंजीता रंधावा, टिकेश्वरी सिन्हा, रजनी बिन्द, एम लक्ष्मी, सुरेश प्रसाद गुप्ता उपस्थित रहे।

### ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों का विरोध तेज



**जगदलपुर।** ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों ने 9 सूत्रीय लंबित मांगों कि पूर्ति के लिए प्रांतीय आह्वान पर ज्ञापन सौंपा। शासन के ध्यानाकर्षण हेतु पिछले दिनों काली पट्टी लगाकर कार्य किया गया था। विरोध स्वरूप आज से संघ के सभी सदस्यों द्वारा बिना संसाधन भत्ता के ऑनलाईन कार्यों का निष्पादन नहीं किया जाएगा।

15 सितंबर को एसडीएम जगदलपुर,बकावंड, तोकापाल, लोहंडीगुड़ा और बस्तर के माध्यम से मुख्यमंत्री और कृषि मंत्री को ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें जिलाध्यक्ष गिरीश कश्यप, उपाध्यक्ष मनीष श्रीवास्तव, बलिहार कश्यप, ब्लाक अध्यक्ष नोहरू नाग,जोहन नायक, संतोष मोर्या, कमलेश पंत, गोपाल आचार्य, मिथुन मंडल सहसचिव, नीतिन गजेन्द्र आदि उपस्थित थे।

### 12 वीं मेरिट के आधार पर चार को वेटनरी कॉलेज में मिलेगा प्रवेश

**जगदलपुर।** वेटनरी एवं मार्तस्यिकी पॉलीटेक्निक में 22 सितंबर को 12 वीं मेरिट के आधार पर ऑफलाइन काऊंसलिंग प्रवेश दाऊ वासुदेव चन्द्राकर कामधेनु विश्वविद्यालय दुर्ग के अंतर्गत संचालित चार वेटनरी पॉलीटेक्निक जगदलपुर, महासमुन्द, राजनांदगांव एवं सूरजपुर में डिप्लोमा इन एनिमल हसबेन्ड्री पाठ्यक्रम तथा मात्स्यिकी पॉलीटेक्निक, राजपुर, धमधा में डिप्लोमा इन फिशरीज साइंस के शैक्षणिक सत्र 2025-26 की रिक्त सीटों पर होगा। कक्षा 12 वीं में बायोलॉजी ग्रुप भौतिक, रसायन एवं जीव विज्ञान विषय की मेरिट के आधार पर ऑफलाइन काउंसलिंग, प्रवेश काउंसलिंग स्थल पशु चिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय, अंजोरा, दुर्ग में आयोजित है।

### 2 अक्टूबर गांधी जयंती पर रहेगा शुष्क दिवस

**जगदलपुर।** कलेक्टर हरिस एस के द्वारा 2 अक्टूबर को गांधी जयंती के अवसर पर मदिरा विक्रय हेतु शुष्क दिवस घोषित किया गया है। जिसके तहत जिले में स्थित सभी प्रकार की मदिरा दुकानें 1 अक्टूबर को समयावधि पश्चात बंद करने सहित 2 अक्टूबर को पूर्णतः बंद रखे जाने हेतु एतद् द्वारा आदेशित किया गया है।

### जिला पंचायत की होगी सामान्य सभा 20 को

**जगदलपुर।** जिला पंचायत बस्तर के सामान्य सभा की बैठक 20 सितम्बर को मध्यान्ह 12 से जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित की गई है। उक्त बैठक हेतु एजेंडानुसार विभागीय जानकारी के साथ उपस्थित होने के निर्देश सर्व सम्बंधित अधिकारियों को दिए गए हैं।

### वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी स्मृति पुरस्कार, लेंगे आवेदन

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा महिलाओं में वीरता, शौर्य, साहस और आत्मबल को सशक्त करने के ▶▶|शेष पेज 12 पर

## मांग : कमिश्नर को नेता प्रतिपक्ष नगर निगम ने दिया ज्ञापन

# समाज एवं विभाग को भूमि देने से पहले मल्टी स्टोरी पार्किंग की व्यवस्था करे प्रशासन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- प्राइम लोकेशन की जमीन का दाम 30 से 40 हजार प्रति वर्गफीट
- जांच करने की मांग की गई

प्रताप देव वार्ड में स्थित शासकीय भूमि जो लोक निर्माण विभाग की जमीन थी । जहां विभाग का कर्मचारी क्वार्टर बना हुआ था। वह काफी पुराना और जर्जर होने से तोड़ा गया । उस दौरान पूर्व कलेक्टर एवं पीडब्ल्यूडी के अधिकारी ने नजूल विभाग से चर्चा कर उक्त स्थल में मल्टीस्टोरी पार्किंग निर्माण की योजना प्रस्तावित की थी। जो नगर की यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने अत्यंत आवश्यक है। व्यापारी संघ के द्वारा भी उक्त स्थल में मल्टी स्टोरी पार्किंग की मांग की जा रही है। पुलिस विभाग ने भी उक्त स्थल को पार्किंग के लिए उचित कहा था। ऐसे में वर्तमान में उक्त भूमि को किसी समाज व विभाग को कार्यालय के लिए आवंटित किया जाना न्यायोचित प्रतीत नहीं होता।

### पहले यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ करें

**कांग्रेस नेता चौधरी ने कहा कि किसी समाज या मंदिर का विरोध नही करते प्रशासन चाहे जहां भी उन्हें भूमि दे । परंतु शहर की जनता के मंशा अनुरूप यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ करने की आवश्यकता को देखते हुए पहले पार्किंग व्यवस्था के लिए भूमि की व्यवस्था करना अति आवश्यक है। नगर पालिक निगम मल्टीस्टोरी पार्किंग योजना को प्राथमिकता देते हुए एवं व्यापारी संघ की मांग को ध्यान में रखे।**



कांग्रेस नेता तथा नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष राजेश चौधरी ने कमिश्नर को दिए ज्ञापन में यह बात कही है। उन्होंने ज्ञापन में कहा है कि शहर की यातायात को व्यवस्थित करने एवं ऐतिहासिक दशहरा के समय जो परेशानियां वाहन पार्किंग के लिए होती है। उन सब परेशानियों को ध्यान में रखते हुए उक्त स्थल पर मल्टी स्टोरी पार्किंग बनाया जाना ही उचित होगा। और नगर निगम जो आय के क्षेत्र में कमजोर है उसे उक्त भूमि में मल्टी स्टोरी पार्किंग एवं व्यवसायिक परिसर बनाए जाने पर आर्थिक मजबूती मिलेगी।

उक्त भूमि को एक धनाट्य समाज एवं विभाग को आवंटित करने की प्रक्रिया प्रारंभ की जा रही है, महापौर परिषद की बैठक में विषय क्रमांक 6 और विषय क्रमांक 10 में लाया गया है । परंतु सामान्य सभा में उक्त विषय को लाया नहीं गया है । नेता प्रतिपक्ष ने कमिश्नर से कहा है कि

शहर के मध्य प्राइम लोकेशन की जमीन है जिसकी कीमत आज प्रति स्क्वायर फीट 30 से 40 हजार रुपए चल रही है । ऐसे में कीमती जमीन को किसी समाज को सहज ही दिया जाना अनुचित है। जो जांच का विषय भी है। उक्त भूमि जिसका अनापत्ति प्रमाण पत्र विभिन्न विभागों से मांगा गया है परंतु यह भूमि लोक निर्माण विभाग की भूमि थी और लोक निर्माण विभाग से ही अनापत्ति प्रमाण पत्र नहीं मांगा गया। उस वार्ड के जनता से भी किसी प्रकार की कोई राय नही मांगी गई । जबकि वार्डवासियों के समक्ष पंचनामा भी नहीं बनाया गया । वार्ड पार्षद से भी अनापत्ति प्रमाण पत्र लेना चाहिए। ऐसा नहीं कर उस वार्ड के जनता द्वारा चुने गए जनप्रतिनिधि को तुच्छ समझना उनके पद की गरिमा के विरुद्ध है ।

# बोलेरो से 75 हजार की अवैध काष्ठ बरामद और वाहन को राजसात करने की तैयारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- वनकर्मियों टीम के पीछा करने से वाहन छोड़कर भागा चालक

बस्तर जिले के नेतानार से बोदल मार्ग में सोमवार की सुबह बोलेरो की तलाशी ली तो वाहन चालक वाहन के साथ भाग रहा था। इस पर वन कर्मियों ने वाहन का पीछा किया तो चालक वाहन को छोड़ कर भाग गया, तलाशी में वाहन में 75 हजार लागत की अवैध काष्ठ जप्त किया और वाहन को राजसात करने की कार्रवाई की जा रही है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार वन विभाग की टीम ने रविवार की देर रात मुखबिर की प्राप्त सूचना अनुसार वन विभाग की संयुक्त टीम तत्काल गठित की गई, जिसमें शंभूनाथ मौर्य वन रक्षक, हेमकान्त पाण्डे वन ▶▶|शेष पेज 12 पर

### कार्रवाई की गई

वन मंत्री केदार कश्यप के सख्त निर्देश पर वनों की सुरक्षा में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं हो एवं वनों में अवैध कटाई, अतिक्रमण एवं तस्करों के खिलाफ सख्त कार्यवाही करने कहा। इसी तारतम्य में प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख रायपुर श्रीनिवास राव द्वारा वनों की सुरक्षा हेतु दिए गए, मुख्य वन संरक्षक आरसी दुग्गा के मार्गदर्शन में वन मण्डलाधिकारी बस्तर उत्तम कुमार गुप्ता, उप वन मण्डलाधिकारी देवलाल दुग्गा के नेतृत्व में परिक्षेत्र अधिकारी देवेन्द्र सिंह वर्मा एवं उनकी टीम द्वारा उपरोक्त कार्रवाई की गई।

# अवैध अल्ट्रासाउंड केंद्र और भ्रूण लिंग परीक्षण पर हो सख्त कार्रवाई

**जगदलपुर।** भारतीय युवा कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष हेमंत कश्यप ने आज मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर पूर्व-गभार्धान एवं प्रसव पूर्व निदान तकनीक अधिनियम 1994 के सख्त अनुपालन की मांग की। ज्ञापन में कहा गया कि जिले में कई स्थानों पर अवैध अल्ट्रासाउंड केंद्र एवं भ्रूण लिंग परीक्षण जैसी गतिविधियों की शिकायतें सामने आ रही हैं । जो समाज के लिए अत्यंत चिंताजनक है। यह अधिनियम कन्या भ्रूण हत्या जैसी कुप्रथा पर रोक लगाने एवं लिंगानुपात संतुलन बनाए रखने के उद्देश्य से बनाया गया है, किंतु इसके प्रभावी क्रियान्वयन के बिना समाज में गंभीर असंतुलन उत्पन्न होगा। उन्होंने मांग रखी कि जिले के सभी अल्ट्रासाउंड केंद्रों की नियमित जांच की जाए। बिना पंजीयन संचालित केंद्रों



पर तत्काल कार्यवाही की जाए। भ्रूण लिंग परीक्षण जैसी अवैध गतिविधियों में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध कड़ी दंडात्मक कार्रवाई की जाए। आम जनता को इस कानून की जानकारी देने जन-जागरूकता अभियान चलाया जाए। युवा कांग्रेस ने अपेक्षा की है कि जिला प्रशासन इस गंभीर विषय पर त्वरित और प्रभावी कदम उठाएगा। हेमंत कश्यप के साथ जिला सचिव विजय भारती, कृष्णा उपाध्याय, समीर कुरैशी सीएमएचओ डॉ. संजय बसाक को ज्ञापन देने पहुंचे थे।

## कलेक्टर जनदर्शन में आमजनों की सुनीं गई समस्याएं

जगदलपुर। कलेक्टर कार्यालय में सोमवार को आयोजित साप्ताहिक कलेक्टर जनदर्शन में अपर कलेक्टर सीपी बघेल ने आमजनों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान बड़ी संख्या में दूर-दराज से आए ग्रामीणजन और नागरिकों ने अपनी-अपनी शिकायतें और समस्याएं रखीं। अपर कलेक्टर ने सभी आवेदकों से मिलकर उनकी शिकायतों एवं समस्याओं को विस्तार से सुना और उनके त्वरित निराकरण के लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को हिदायत देते हुए कहा कि समस्याओं का समाधान समय-सीमा में और प्राथमिकता के साथ किया जाए। उन्होंने यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि निराकरण के संबंध में संबंधित आवेदकों को भी सूचित किया जाए।



# उड़नदस्ता ने 6 माह में 9405 वाहनों से 3.32 करोड़ समझौता शुल्क वसूला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- वाहनों की जांच से 6 माह में लक्ष्य से 3 गुना राजस्व वसूला

परिवहन विभाग के मुख्यालय की ओर से उड़नदस्ता को एक माह में 20 लाख रुपए का राजस्व लक्ष्य है। उड़नदस्ता टीम सुबह से बस्तर संभाग के सात जिलों के सड़कों में वाहनों की जांच में जुटे हुए हैं।

जगदलपुर उड़नदस्ता की टीम ने मार्च से अगस्त माह तक 6 महीने में लक्ष्य से तीन गुना राजस्व वसूला यानि 9405 वाहनों से 3 करोड़ 31 लाख 91 हजार 899 रुपए वसूला है। सीएफ में 8704 प्रकरण से एक करोड़ 20 लाख 39 हजार 800 रूपए, 343 ई-चालान से 35 लाख 28 हजार 900 रूपए एवं मोटरयान कर में 358 प्रकरण से एक करोड़ 58 लाख 23 हजार 199 रूपए समझौता शुल्क वसूल किया गया। बस्तर संभाग में कोंटा, किरंदुल, बीजापुर, रायपुर, ओडिशा रोड में वाहन चालक बेखौफ परिवहन नियमों का उल्लंघन कर रहे हैं। इसमें सीमावर्ती राज्य महाराष्ट्र, राजस्थान, मध्यप्रदेश, आंध्रप्रदेश, उत्तरप्रदेश, ओडिशा ▶▶|शेष पेज 12 पर



### परिवहन नियमों का उल्लंघन नहीं करें

परिवहन विभाग के उड़नदस्ता प्रभारी एवं निरीक्षक अनिल घरडे ने बताया कि परिवहन नियमों का उल्लंघन करते मिले वाहनों में पहली बार जुर्माना किया गया। वाहन चालकों को कहा कि परिवहन नियमों का उल्लंघन नहीं करें, अन्यथा सख्ती कार्रवाई की जाएगी।

## नगर में संत विज्ञान देव महाराज की शोभायात्रा निकाली गई

# मन को साधें तो जीवन अपने आप सरल हो जाएगा : विज्ञान देव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

जिले की व्यावसायिक नगरी गीदम में संत विज्ञान देव महाराज की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। कर्म से बंधन और सेवा से मुक्ति होती है। अध्यात्म के द्वारा हमारे जीवन का संपूर्ण विकास होता है। अध्यात्म ही वह समाधान है जिससे सभी समस्याएं सुलझ जाती हैं। अध्यात्म मानव जीवन की अपरिहार्य आवश्यकता है। कथामृत के प्रवर्तक सुपूज्य संत प्रवर विज्ञान देव महाराज ने स्वर्वेद सन्देश यात्रा के क्रम मे गीदम के जावंगा ऑडिटोरियम मे आयोजित जय स्वर्वेद कथा एवं ध्यान साधना सत्र में उपस्थित सभी श्रद्धालुओं के मध्य व्यक्त किये। संत प्रवर ने कहा कि मन को साधें तो जीवन अपने आप सरल हो जाएगा। बाहर की लड़ाइयाँ भीतर की हार से जन्म लेती हैं। उन्होंने कहा कि स्वर्वेद संदेश यात्रा केवल स्थान से स्थान की यात्रा नहीं है, यह तो अंतर से अंतर की यात्रा है। जो अपने भीतर उतरेगा, वही सत्य और शांति का साक्षात्कार करेगा। संत प्रवर जी ने दिव्यवाणी के दौरान श्रद्धालुओं को संदेश दिया कि विहंगम योग के प्रणेता सद्गुरु सदाफलदेव महाराज ने अपनी गहन योग साधना द्वारा ईश्वर की प्राप्ति की एवं इस अतिदुर्लभ विज्ञान को स्वर्वेद नामक अद्वितीय आध्यात्मिक सद्ग्रंथ के रूप में जनमानस को सुलभ कर दिया। संत प्रवर विज्ञान देव जी महाराज ने उपस्थित श्रद्धालुओं को विहंगम योग के क्रियात्मक योग साधना को सिखाया। कहा कि यह साधना खुद से खुद की दूरी मिटाने के लिए है। महाराज ने युवाओं को संदेश देते हुए कहा युवाको आप उलट दोगे तो वायु हो जायेगा। जिसमें वायु के समान वेग है, उत्साह है, उमंग है, उल्लास है, वह ही युवा है। जो हताश नहीं है, जो निराश नहीं है, जो परिस्थितियों का दास नहीं है, बल्कि उनका स्वामी है, जो लक्ष्य के साथ जीता है, वही युवा है। जो सबके लिए उपयोगी है, जो लक्ष्य से भटकता नहीं है, वही युवा है। युवा देश का भविष्य ही नहीं वह वर्तमान भी है।



### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर विधायक सुश्री लता उसेंडी, चैतराम अटामी, जिला पंचायत अध्यक्ष नन्द लाल मुड़मी, नगर पंचायत अध्यक्ष रजनीश सुराना, वीरेंद्र शर्मा, जावंगा सरपंच बोमडा राम कवासी, कलेक्टर कुणाल दुदावत को संत द्वारा सर्वेद ग्रंथ भेंट किया गया। बब्बन सिंह निर्देशक छत्तीसगढ़, कोटेश्वर राव चापड़ी, सुश्री श्यामा उसेंडी, विमला दहिया, महेश चापड़ी, सत्येंद्र कुमार स्वर्वेदी, लल्लू प्रसाद गुप्ता कार्यक्रम संयोजक कृष्ण राव पात्रो सहित गुरु भाई बहनों की उपस्थिति रही।

# इंजीनियर देश और नगर विकास के निर्माता : पांडे



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- इंजीनियर महापौर संजय पांडे और पार्षद गायत्री बघेल भी सम्मानित हुए
- अभियंता दिवस पर उत्कृष्ट अभियंताओं का हुआ सम्मान

नगर पालिका निगम में महापौर संजय पांडे के नेतृत्व में भारत रत्न मोक्ष गुंडम विश्वेश्वरैया की 164वीं जयंती अभियंता दिवस के रूप में मनाई गई। शुभारंभ विश्वेश्वरैया के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित कर किया गया। इस अवसर पर नगर निगम के उत्कृष्ट अभियंताओं गोपाल भारद्वाज, अमर सिंह, अशोक कोर्राम, संजीव कर्ण, योगेश पांडे, रूपेश बिजोरा, प्रवीण पोयाम, अमन नेताम, भूपेश साहू, संजय पांडेय, ▶▶|शेष पेज 12 पर

## खबर संक्षेप

### केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन के शहर आगमन पर हुआ भव्य स्वागत



**कोण्डागांव।** केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू के आज कोंडागांव आगमन पर वन मंत्री केदार कश्यप, बस्तर सांसद महेश कश्यप और बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष एवं कोंडागांव विधायक सुश्री लता उसेंडी ने स्वागत किया। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधिगण और अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### कलेक्टर ने निर्माणाधीन स्टेडियम का किया निरीक्षण कहा- कार्य में तेजी लाएं



**कोण्डागांव।** कलेक्टर श्रीमती नुपूर राशि पन्ना ने आज बड़ेकनेरा मार्ग के पास निर्माणाधीन स्टेडियम का निरीक्षण किया। इस दौरान कलेक्टर ने अब तक की प्रगति को देख और संबंधित ठेकेदारों को सख्त निर्देशित किया कि शेष कार्यों को पूरी गुणवत्ता के साथ जल्द से जल्द पूर्ण करें। कलेक्टर ने उक्त कार्य के प्रगति की नियमित निगरानी करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। इसके साथ कलेक्टर ने रायपुर नाका चौक में स्थित व्यावसायिक परिसरों का भी निरीक्षण किया और रिक्त परिसरों के शीघ्र आबंटन के कार्यवाही हेतु निर्देशित किया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर चित्रकांत चार्ली ठाकुर, एसडीएम अजय उरांव, तहसीलदार मनोज रावटे एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी दिनेश डे उपस्थित रहे।

### कला उत्सव में छात्रा-छात्राओं ने दिखाई प्रतिभा



**कोण्डागांव।** जिले में कला उत्सव 2025–26 का आयोजन किया गया। यह उत्सव हाई और हायर सेकेंडरी स्कूलों के छात्रों की कलात्मक प्रतिभा को पहचानने और उसे बढ़ावा देने के उद्देश्य से हुआ। विद्यालय और विकासखंड स्तर पर हुए आयोजनों के बाद, 4 सितंबर को शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में जिला स्तरीय प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस कार्यक्रम का मार्गदर्शन जिला शिक्षा अधिकारी और समग्र शिक्षा के अधिकारियों ने किया। मुख्य अतिथि मनोहर साहू, दीपक पटेल, तिमीर प्रकाश पटेल और विकास दुआ ने सभी चयनित विद्यार्थियों को उपहार दिया। इस अवसर पर कई शिक्षक और छात्र भी मौजूद रहे। एकल गायन कु. मनीषा सिंह, शासकीय उ.मा.वि. जैतपुरी, एकल वादन अरविन्द कोर्राम, शासकीय उ.मा.वि. बड़ेबेन्दरी, एकल नृत्य कु. देविका राज, सेजेस जामकोटपारा, श्यकला द्वि–आयामी कु. बिंदिया, सेजेस बड़ेराजपुर, श्यकला त्रिआयामी कु. दीपिका पवार, शासकीय उ.मा.वि. बड़ेबेदरी, पारंपरिक कहानी वाचनरू कु. निशा पोयाम, शासकीय कन्या उ.मा.वि. कोण्डागांव मूल पाठ सारांश लेखन कु. खेमेश्वरी, सेजेस तहसीलपारा।

# आईटीबीपी कोंडागांव में हिंदी पखवाड़े का शुभारंभ, प्रयोग करने पर जोर

**कोंडागांव से वर्चुअल जुड़ाव, हिंदी को बढ़ावा देने के लिए प्रतियोगिताओं का आयोजन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

अलग खबर

देश के केंद्रीय गृह व सहकारिता मंत्री अमित शाह ने गांधीनगर, गुजरात में आयोजित पांचवें राष्ट्रीय राजभाषा सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए हिंदी दिवस का शुभारंभ किया। उन्होंने केंद्र सरकार के सभी कार्यालयों में 14 से 29 सितंबर तक हिंदी पखवाड़ा आयोजित करने का आह्वान किया।

इसी कड़ी में आईटीबीपी सामरिक क्षेत्रीय मुख्यालय भुवनेश्वर, कोंडागांव में हिंदी पखवाड़े का शुभारंभ ए.एन. दत्ता, सेनानी स्टाफ द्वारा किया गया। इस दौरान क्षेत्रीय मुख्यालय, खोर्द्धा ओडिशा से सभी अधिकारी वर्चुअली जुड़े। श्री दत्ता ने कार्यालय के सभी पदाधिकारियों को हिंदी दिवस की शुभकामनाएं दीं और कहा कि सरकारी कार्य में सरल और सहज हिंदी का प्रयोग बढ़ाया जाना चाहिए। सहायक सेनापनी राजभाषा ने बताया कि हिंदी पखवाड़े के दौरान कुल 7 हिंदी प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी, जिनमें से 2 प्रतियोगिताएं विशेष रूप से हिंदीतर भाषी कार्मिकों के लिए होंगी। सभी अधिकारियों और कर्मचारियों से इसमें बढ़–चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया गया।




#### हिंदी दिवस का महत्व

*प्रतिवर्ष 14 सितंबर को हिंदी दिवस मनाया जाता है। 14 सितंबर 1949 को संविधान सभा ने देवनागरी लिपि में लिखी जाने वाली हिंदी को राष्ट्र की राजभाषा के रूप में अंगीकार किया था। इसी दिन से प्रेरणा लेकर हिंदी पखवाड़ा का आयोजन किया जाता है, ताकि राजभाषा का प्रयोग बढ़े और कार्य संस्कृति में हिंदी का योगदान हो।*

**मांग :** राज्यपाल से इच्छा मृत्यु की मांग की, चलाया हस्ताक्षर अभियान

# वादों की बारात निकालकर एनएचएम कर्मियों ने सरकार के वादों को दिलाया याद






हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणपुर

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कर्मचारी संघ ने एक अनूठा विरोध प्रदर्शन करते हुए वादों की बारात निकाली। इस प्रतीकात्मक बारात का उद्देश्य सरकार द्वारा चुनाव के दौरान किए गए वादों को याद दिलाना था, जिन्हें अब तक पूरा नहीं किया गया है।

बारात में खुद कर्मचारी दूल्हा और बाराती बने। इन कर्मचारियों ने पारंपरिक वेशभूषा पहनी थी। एक बैलगाड़ी और बैंड-बाजे के साथ मार्च किया। इस विरोध प्रदर्शन की सबसे खास बात यह थी कि उन्होंने अपनी लंबित मांगों को दुल्हनिया के रूप में प्रदर्शित किया, जिसे मोदी की गारंटी की गारंटी बताया गया था।

- 10 सूत्रीय मांगों को लेकर कर रहे आंदोलन

कर्मचारियों ने बताया कि सरकार द्वारा किए गए चुनावी वादे पूरे न होने के कारण उनमें भारी निराशा है। उन्होंने कहा कि वादे रूपी दुल्हन के न मिलने से वे निराश हैं। कर्मचारियों का कहना है कि यदि छत्तीसगढ़ सरकार उनकी 10 सूत्रीय मांगों पर जल्द अमल नहीं करती है, तो वे कल इच्छा मृत्यु की भी मांग करेंगे। कर्मचारी संघ के अध्यक्ष ने कहा, हमारी सेवा में सम्मान नहीं, केवल शोषण है। घुट-घुट कर जीने से अच्छा है मर जाना। यह विरोध प्रदर्शन सरकार का ध्यान अपनी मांगों की ओर खींचने के लिए किया गया है, जिसमें स्थायीकरण, वेतन वृद्धि और सेवा शर्तों में सुधार शामिल है। कर्मचारियों ने आक्रोश जताते हुए ये कहा है कि कर्मचारीयों की 10 सूत्रीय मांग पूरी न होने की स्थिति में इच्छा मृत्यु सहित, अनशन, एवं आत्म दाह जैसे उग्र आंदोलन प्रदर्शन को बाध्य होंगे।

# वन मंत्री कश्यप ने किया भारत रत्न विश्वेश्वरैया की प्रतिमा पर माल्यार्पण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणपुर

भारत रत्न डॉ. मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया की जयंती पर अभियंता दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर वन एवं जलवायु परिवर्तन, परिवहन, सहकारिता, संसदीय कार्य मंत्री केदार कश्यप ने घड़ी चौक में स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पूष्प अर्पित किया। वनमंत्री श्री कश्यप ने कहा कि विश्वेश्वरैया ने अपने अद्वितीय योगदान और दूरदर्शी सोच से देश के निर्माण और विकास को नई दिशा दी। अभियंताओं की भूमिका और उनके योगदान को याद किया। उन्होंने कहा कि डॉ. मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया एक सिविल इंजीनियर राजनेता और मैसूर के 19वें दीवान थे। जिन्होंने भारत के योगदान में अतुलनीय योगदान दिया। विश्वेश्वररैया की सबसे उल्लेखनीय उपलब्धियां में से एक मांड्या में कृष्ण राजा सागर बांध है। भारत के प्रथम अभियंता विश्वेश्वररैया को वर्ष 1955 में भारत के सर्वोच्च सम्मान भारत रत्न से विभूषित किया गया था।

- अभियंता दिवस के अवसर पर भारत रत्न विश्वेश्वरैया की जीवनी का उल्लेख किया

**ये रहे उपस्थित**–कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष नारायण मरकाम, नगर पालिका अध्यक्ष इंद्र प्रसाद बघेल, छोटेडोंगर सरपंच श्रीमती संध्या पवार, जिला पंचायत उपाध्यक्ष प्रताप सिंह मण्डावी, जनपद पंचायत अध्यक्ष पिंकी उसेण्डी जिला पंचायत एवं जनपद पंचायत के सदस्य एवं नगर पालिका के पार्षदगण, सर्वआदिवासी समाज के संरक्षक रूपसाय सलाम, कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाईं, एसडीएम अभयजीत मंडावी, कार्यपालन अभियंता जल संसाधन के अशोक चौधरी, पीएमजीएसवाई के कार्यपालन अभियंता विनय वर्मा सहित जनप्रतिनिधि एवं सभी विभागीय अभियंता उपस्थित थे।

# रेडक्रॉस सोसायटी की बैठक सम्पन्न, सदस्यता और रक्तदान पर दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी की जिला शाखा की प्रबंधन समिति की बैठक आज कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में रेडक्रॉस की सदस्यता बढ़ाने और रक्तदान शिविरों के आयोजन पर विशेष जोर दिया गया।

बैठक में रक्तदान के लिए जरूरी संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने और आपदा प्रबंधन सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा हुई। उपस्थित सदस्यों ने समिति की बैठकें नियमित रूप से आयोजित करने का सुझाव दिया। कलेक्टर ने सभी पार्षदों, जिला पंचायत सदस्यों, सरपंचों और अन्य जनप्रतिनिधियों को रेडक्रॉस की सदस्यता बढ़ाने के लिए प्रेरित करने का निर्देश दिया। उन्होंने जिले के सभी बैंकों और मेडिकल स्टोर संचालकों को भी सदस्य बनने के लिए प्रोत्साहित करने को कहा। इस अवसर पर नगर पालिका उपाध्यक्ष श्री जसकेतु उसेण्डी, अपर कलेक्टर चित्रकांत चार्ली ठाकुर और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी सहित कई सदस्य उपस्थित रहे।



# राज्य स्तरीय जूडो प्रतियोगिता में कोण्डागांव का दमदार प्रदर्शन




**कोण्डागांव।** बिलासपुर में 13-14 सितंबर को आयोजित 25वीं राज्य स्तरीय सब-जूनियर एवं कैडेट जूडो प्रतियोगिता में कोण्डागांव जिले के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कुल 15 पदक अपने नाम किए। 7 स्वर्ण, 5 रजत और 3 कांस्य पदकों के साथ कोण्डागांव की टीम ने प्रथम रनर-अप की ट्रॉफी जीतकर जिले का नाम पूरे राज्य में रोशन किया। इस प्रतियोगिता में कोण्डागांव के खिलाड़ी हर वर्ग में छाए रहे। स्वर्ण पदक जीतने वाले खिलाड़ियों में गोमती नाग, ललेश्वरी वडडे, ममता नेताम, योगिता मांडवी, विशिष्टा राजपूत, हेमवती नाग और रंजीता करोटी शामिल रहीं। वहीं रजत पदक वेदांत ठाकुर, राजवीर वरने, नवीन बर्मन, मोहित भास्कर और भूमिका शर्मा को मिले। कांस्य पदक विजेताओं में ख्वाहिश रामटेके, लेखा नेताम और चंद्रप्रभा ठाकुर का नाम शामिल है।

**प्रशिक्षण का परिणाम**–यह उपलब्धि जिला कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना के निर्देशन और आईटीबीपी प्रशिक्षक उदय सिंह यादव के मार्गदर्शन में संभव हुई। नियमित अभ्यास और अनुशासित प्रशिक्षण ने खिलाड़ियों को राज्य स्तर पर अपनी प्रतिभा साबित करने का अवसर दिया। कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना ने कहा कोण्डागांव के बच्चों ने यह साबित किया है कि यदि उन्हें अवसर और सही प्रशिक्षण मिले तो वे किसी भी स्तर पर जिले का नाम रोशन कर सकते हैं। खिलाड़ियों की मेहनत और प्रशिक्षक की लगन से ही यह बड़ी सफलता मिली है। प्रशासन आगे भी हरसंभव सहयोग करेगा।

**जिले में खुशी का माहौल**–इस शानदार उपलब्धि से पूरे जिले में हर्ष का वातावरण है। माता–पिता और प्रशिक्षकों की मेहनत रंग लाई है। ग्रामीण अंचलों से निकलकर राज्य स्तर तक पहुंचे ये खिलाड़ी अब राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी जिले का नाम रोशन करने की क्षमता रखते हैं।

# जिला स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता में बनियागांव ने जीता खिताब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

बोरगांव में आयोजित जिला स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता का रविवार को शानदार समापन हुआ। स्व. सुशांत सज्जल की स्मृति में आयोजित इस टूर्नामेंट में कुल 12 टीमों ने भाग लिया। फाइनल मैच वीर गुंडाधुर क्लब बनियागांव और जयगुरु वन बोरगांव के बीच खेला गया, जिसमें रोमांचक मुकाबले के बाद बनियागांव की टीम ने खिताब पर कब्जा जमाया।

- पेनल्टी शूटआउट में जयगुरु वन बोरगांव को दी 4-3 से मात
- मुख्य अतिथि अशोक उसेंडी ने खिलाड़ियों का बढ़ाया उत्साह

इस प्रतियोगिता मे जिले के कुल 12 टीमों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता का अंतिम फाइनल मैच वीर गुंडाधुर क्लब बनियागांव और जयगुरु वन बोरगांव टीम में मध्य खेला गया। फाइनल मैच बहुत ही रोमांचक रहा । फाइनल मैच 90 मिनट का दो पारियो में खेला गया। फाइनल मैच में दोनों टीमों ने 1-1 गोल दागे । जिससे मैच बराबर हो गया। जिसके बाद 15 मिनट का एक्स्ट्रा टाइम का खेल हुआ। जिसमें दोनों टीम एक भी गोल नहीं दागे पाए । जिसके बाद पेनल्टी शूट आउट हुआ। जिसमें बनियागांव की टीम ने 4 गोल दागे और वन बोरगांव की टीम ने 3 गोल ही दागे पाई। इस तरह एक गोल से वीर गुंडाधुर की टीम ने इस प्रतियोगिता में जीत हासिल कर खिताब पर कब्जा कर लिया।





#### खेल प्रेमियों और दर्शकों ने लिया भरपूर आनंद

आयोजक समिति द्वारा प्रथम पुरस्कार विजेता टीम बनियागांव को 21000 रुपए और ट्रॉफी दिया गया और उपविजेता टीम वन बोरगांव की टीम को 15000 रुपए और ट्रॉफी दिया गया। साथ ही अन्य सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों को भी पुरस्कार दिया गया। बोरगांव के खेल मैदान में करीब 25 सालों के बाद ऐसा भव्य रूप से फुटबॉल मैच आयोजित किया गया था। जिसका जिले भर के खेल प्रेमियों और दर्शकों ने भरपूर आनंद लिया।

# बालक छात्रावास में छात्र की संदिग्ध मौत

**नारायणपुर।** जिले के बालक छात्रावास में एक छात्र की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई है। इस घटना से पूरे क्षेत्र में हड़कंप और आक्रोश फैल गया है। छात्र की मौत को लेकर स्थानीय लोगों और छात्र संगठनों ने गंभीर सवाल उठाए हैं।

घटना सामने आने के बाद भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन ने मृतक छात्र के परिजनों को न्याय दिलाने और मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। संगठन का कहना है कि छात्रावासों में बच्चों की सुरक्षा और देखभाल को लेकर प्रशासन की बड़ी लापरवाही सामने आई है। जिला अध्यक्ष विजय सलाम ने कहा कि बालक छात्रावास में हुई इस संदिग्ध मौत ने छात्रावास की व्यवस्थाओं की पोल खोल दी है। प्रशासन से मांग करते हैं कि मामले की उच्चस्तरीय जांच हो और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाए। गौरतलब है कि इस छात्रावास में यह दूसरी घटना है, जिससे साफ जाहिर होता है कि प्रशासन और प्रबंधन की तरफ से घोर लापरवाही बरती जा रही है। इसके अलावा, अभी कुछ दिन पहले ही जिले के खेल परिसर में भी एक छात्र अचानक बेहोश हो गया था, जिसके बाद उसकी मृत्यु हो गई थी। लगातार हो रही ऐसी घटनाएं छात्रों की सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े करती हैं और प्रशासन की जवाबदेही पर उंगली उठाती हैं। जांच के दौरान पार्षद जय वट्टी, उपाध्यक्ष शुक्कू सलाम, राहुल मांडवी, खिलेंद सोरी, राजकुमार, भीष्मा, बलदेव गावड़े, बीरू, हेमंत गावड़े, सोमू, राहुल नाग तथा अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

#### एनएसयूआई ने की जांच की भोग



# विधायक लता उसेंडी ने किया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के नवीन भवन का लोकार्पण




**कोण्डागांव।** बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष एवं कोंडागांव विधायक सुश्री लता उसेंडी ने रविवार को कोंडागांव शहर में 1.15 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के नवीन भवन का फीता काटकर लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने 7 आंगनबाड़ी केंद्रों के लिए गैस कनेक्शन और चूल्हा भी वितरित किए। कार्यक्रम में कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना, नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष नरपति पटेल, उपाध्यक्ष जसकेतु उसेंडी सहित अन्य जनप्रतिनिधि और अधिकारी उपस्थित रहे। विधायक सुश्री उसेंडी ने अपने संबोधन में कहा कि जिला मुख्यालय और दूरस्थ क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं को मजबूत करना सरकार का प्रमुख लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ के 25 वर्षों के विकास में स्वास्थ्य क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। नए भवन से शहरवासियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिलेंगी और जिला अस्पताल पर दबाव कम होगा। उन्होंने जिले को एनीमिया मुक्त करने के लिए स्कूलों में बालिकाओं की शत प्रतिशत जांच और मलेरिया रोकथाम के लिए सामूहिक प्रयासों पर बल दिया। नगरपालिका अध्यक्ष नरपति पटेल और कलेक्टर श्रीमती पन्ना ने भी नए भवन को शहर के लिए महत्वपूर्ण बताते हुए स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार की उम्मीद जताई।

## पेज 11 के शेष

### बोलेरो से 75 हजार...

रक्षक, सुखलाल कश्यप वन रक्षक, समिति सदस्य एवं सुरक्षा श्रमिक थे। नेतानार से बोदल मार्ग में रात भर घात लगाकर वन कर्मी बैठे थे, तभी सोमवार की सुबह लगभग 5 बजे एक बोलेरो बोदल मार्ग से आती दिखी। उसे रोकने का प्रयास किया गया, पर वाहन चालक तेजी से किनारे से काट के भागा, वन कर्मियों ने पीछा किया तो चालक वाहन छोड़कर भाग गया। उसके बाद वन कर्मियों ने मौके पर वाहन बोलेरो सीजी 18 डी 0860 की तलाशी ली, उसमें साल चिरान 57 नग मिले। वाहन में मिले काष्ठ को नाप जोख कर विधिवत पीओआर प्रकरण जारी किया गया, साल चिरान 57 नग 0.855 घमी था, वाहन जप्त कर राजसात कार्रवाई की जा रही है। भविष्य में और भी इसी प्रकार की कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी एवं वन मण्डलाधिकारी बस्तर ने सभी टीम को निरंतर जारी रखने का निर्देश दिया है। इस कार्यवाही लकड़ी तस्करों में हड़कंप मच गया है।

### उड़नदस्ता ने 6...

के वाहन परिवहन नियमों का उल्लंघन करते मिल रहे हैं, जिन पर सख्ती कार्रवाई कर जुर्माना किया जा रहा है। साथ ही ओव्हरलोड वाहनों की मोबाइल वे पैड से जांच की जा रही है। इसके अलावा लालबाग, आनंद ढाबा, बोधघाट एवं एनएच, सरगीपाल रोड के दोनों ओर नो-पार्किंग में ट्रकों के खड़ी रखने से जहां दुर्घटना की संभावना रहती है। आवागमन जाम से लोगों को परेशानी हो रही है। इस पर उड़नदस्ता प्रभारी की टीम ने कार्रवाई की जा रही है। साथ ही स्कूल बसों की भी जांच की जा रही है, स्कूल प्रबंधन को नोटिस दिया जाएगा। **उड़नदस्ता को दिए निर्देश-** संयुक्त कलेक्टर एवं क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी डीसी बंजारे ने बताया कि विभाग के उड़नदस्ता को वाहनों के बकाया टैक्स वसूलने, नो-पार्किंग, परिवहन नियमों उल्लंघन करने वालों कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया है।

### इंजीनियर देश...

मेश्राम वर्मा, धर्मेंद्र मिश्रा और विमल पांडे को शाल, श्रीफल और तिलक लगाकर सम्मानित किया गया। विशेष रूप से महापौर संजय पांडे और पार्षद गायत्री बघेल जो स्वयं अभियंता हैं को भी सम्मानित किया गया। महापौर ने कहा कि आधुनिक भारत के निर्माण में इंजीनियरों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रही है। इंजीनियर राज्य और नगर के विकास के वास्तविक निमार्ता हैं। विश्वेश्वरैया 101 वर्ष तक जीवित रहे उनकी उपलब्धियां आज भी प्रेरणा स्रोत हैं। कार्यपालन अभियंता गोपाल भारद्वाज ने कहा 15 सितंबर को हर साल भारत में इंजीनियर डे मनाया जाता है। और इसी दिन मोक्ष गुंडम विश्वेश्वरैया का जन्मदिन मनाया जाता है । वे भारत के ऐसे इंजीनियर थे जिन्होंने कम संसाधनों में भी देश को उस वक्त एशिया का सबसे बड़ा बांध बनाकर दिया था। इस अवसर पर सभापति निर्मल पाणिग्रही, योगेंद्र पांडे, अमर सिंह, संजीव कर्ण ने भी जयंती विचार व्यक्त किए। संचालन राजस्व सभापति संग्राम सिंह राणा ने किया। सभापति सुरेश गुप्ता, लक्ष्मण झा, त्रिवेणी रंधारी, संजय विश्वकर्मा, पार्षद गायत्री बघेल,पार्षद उर्मिला यादव, पूनम सिन्हा, आशा साहू और नगर निगम के कर्मचारी शामिल थे।

### वीरांगना रानी अवंतीबाई...

क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली राज्य की महिलाओं को सम्मानित करने के लिए वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी स्मृति पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। इस पुरस्कार के तहत एक महिला को 2 लाख रुपये की राशि और प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाएगा। इच्छुक महिलाएं अपने आवेदन पत्र 26 सितम्बर तक कलेक्टोरेट स्थित महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यालय में जमा कर सकती हैं।

## खबर संक्षेप

### बकाया जलकर दाता शीघ्र जलकर जमा करें : पांडेय




**जगदलपुर।** बड़ी संख्या में जल करदाताओं के द्वारा लंबे समय से जलकर नहीं जमा करवाया जा रहा है। कई बार अपील के बाद भी जलकर जमा नहीं कर रहे हैं । नगर निगम अब कार्यवाही करेगा। इसके साथ ही बड़ी संख्या में अवैध नल कनेक्शन धारकों पर भी करवाई की तैयारी की जा रही है।

महापौर संजय पांडे ने कहा की जलकर एवं अवैध नल कनेक्शन को लेकर आने वाले समय में कार्रवाई होगी।

जलकर सभापति सुरेश गुप्ता ने कहा समस्त अवैध नल कनेक्शन धारकों से अपील है कि अवैध नल कनेक्शन धारक यथाशीघ्र अपने कनेक्शन को वैध करवा लें। निगम सहयोग के लिए है अन्यथा अवैध कनेक्शन को वैध करने में भारी जुमार्ना के साथ-साथ नाम को सार्वजनिक करने जैसी कार्रवाई की जाएगी।

### राशनकार्ड में ई-केवायसी के लिए शिविर 20 तक

**जगदलपुर।** बस्तर जजिले के कलेक्टर हरिस एस के मार्गदर्शन में खाद्य विभाग द्वारा जिले में राशनकार्ड से वंचित परिवारों,सदस्यों के राशनकार्ड बनाने एवं राशनकार्ड में नाम जोड़ने तथा राशनकार्ड में ई-केवायसी के लिए ग्राम पंचायतों-वार्डों में 15 से 20 सितम्बर 2025 के मध्य विशेष शिविरों का आयोजन पंचायत भवनों,शासकीय भवनों में किया जाएगा।

इन शिविर में ऐसे परिवार-सदस्य जिनके नाम किसी भी राशनकार्ड में दर्ज नहीं है वे इन शिविरों में उपस्थित होकर नया राशनकार्ड बनाने,राशनकार्ड में नाम जोडने के लिए आवेदन कर सकते हैं।

### अतिक्रमण अभियान टांय-टांय फिस्स



**जगदलपुर।** नगर निगम ने शहर में बारिश के पहले जोर-शोर से अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया था,अभियान का नेतृत्व महापौर संजय पांडे एवं उनकी एमआईसी की टीम ने कार्रवाई की थी।

अभियान पर विराम लगते ही दुबारा अतिक्रमणकारियों ने सड़क के किनारे दुकानें सजा कर व्यापार करते नजर आ आ रहे है।

इस संबंध में महापौर संजय पाण्डेय ने हरिभूमि से चर्चा में कहा कि सड़क किनारे दुकानों से यातायात व्यवस्था बिगड़ती है और दुकान लगने से सड़क सकरा होती है। इससे आये दिन सड़क दुर्घटना से लोगो के जान का खतरा बना रहता है। हमारी मंशा कभी भी किसी की रोजी रोटी छीनने का नही रहा। हम तो सड़क किनारे दुकान लगाने वाले व्यवसायियों को संजय बाजार के भीतर सर्व सुविधायुक्त दुकान देकर व्यवस्थित करने का काम कर रहे है।

---

### बस्तर डिस्ट्रिक्ट इंजीनियर वेलफेयर एसोशिएशन ने मनाया अभियंता दिवस

# इंजीनियर अपने कार्यों के दौरान चुनौतियों को स्वीकार करें : सीई

**मोक्षगुण्डम विश्वेश्वरैया की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण**

**समारोह में पीडब्यूडी के दो कर्मचारियों को किया सम्मानित**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

अंदरूनी क्षेत्र में इंजीनियर सड़क, भवन का निर्माण कार्य कर रहे हैं, जिससे ग्रामीणों की सुविधा मिलती है। यदि इंजीनियर नहीं रहते तो ग्रामीणों को मूलभूत सुविधाओं के लिए तरस रहते हैं। इसलिए इंजीनियर अपने कार्यों के दौरान चैलेंज को स्वीकार करें, जिससे वे आगे बढ़ेंगे। साथ ही इंजीनियर अभियंता शिरोमणि भारत रत्न सर मोक्षगुण्डम विश्वेश्वरैया के मार्गदर्शन को अपनाएं। उक्त बातें लोक निर्माण विभाग जगदलपुर जोन के मुख्य अभियंता जीआर रावटे ने सोमवार को शहर के लालबाग क्षेत्र में स्थित अभियंता चौराहा में बस्तर डिस्ट्रिक्ट इंजीनियर वेलफेयर एसोशिएशन ने आयोजित अभियंता दिवस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में कही। कार्यक्रम में सभी उपस्थित अतिथियों ने सर विश्वेश्वरैया की मूर्ति को माल्यार्पण किया। समारोह में पीडब्यूडी के दो कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर इंजीनियर डीएल टेकाम, मोहन राव सोनी, प्रज्ञा नंद, गोपाल भारद्वाज, प्रदीप अग्रवाणी, अमित साहा, डब्ल्यूआर पांडे, दिनेश देवांगन, धनेन्द्र सिंह कतलाम, आरएन सिन्हा, एसएन साहा, एसआर भद्रे, डीसी मांझी, श्रीनिवास कोरम, बी. वासुदेव





#### मोक्षगुण्डम के मार्ग पर चलें

लोक निर्माण विभाग के अधीक्षण अभियंता डीएल टेकाम ने कहा कि इंजीनियर मोक्षगुण्डम विश्वेश्वरैया के मार्गों पर चलें। साथ ही निर्माण कार्यों में समय अवधि एवं गुणवत्ता का ध्यान रखें। उन्होंने कहा कि इंजीनियर अपने को जाने की वो महत्तवपूर्ण व्यक्ति हैं, समाज के प्रति पूरी जवाबदारी ही इंजीनियर की है।





#### पुरुषों से कम नहीं महिला इंजीनियर

पीडब्ल्यूडी राष्ट्रीय राजमार्ग एवं सेतु निर्माण के कार्यपालन अभियंता प्रज्ञा नंद ने कहा कि पुरुषों से कम नहीं महिला इंजीनियर। महिलाएं भी पुरुषों के बराबर काम कर रही हैं। महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी महत्वपूर्ण पहचान बना रही हैं। उन्होंने कहा कि चुनौतियों के साथ कर्त्तव्य करें वहीं इंजीनियर है। इंजीनियर होने के नाते हमें जनहित के विकास कार्यों को लगन और गुणवत्ता के साथ-साथ गणमान्य नागरिकों एवं अन्य विभागों से समन्वय कर कार्य किया जाना है।

---

# अवैध रेत परिवहन में जिला प्रशासन और खनिज विभाग की मिलीभगत : लखेश्वर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

भोपालपटनम ब्लॉक के तारलागुड़ा, चंदूर और तिमेड़ के रेत खदानों से हो रहे अवैध उत्खनन और तेलंगाना तथा महाराष्ट्र में इसके अवैध परिवहन की गंभीर शिकायतों की जांच करने

- 15 दिन में अवैध रेत का परिवहन नहीं रूका तो करेंगे बड़ा आंदोलन
- कांग्रेस का जांच दल भोपालपटनम ब्लॉक के तारलागुड़ा, चंदूर और तिमेड़ रेत खदानों में पहुंचा

आज कांग्रेस का जांच दल पहुंचा । वहां से लौटकर बीजापुर में पत्रकार वार्ता में दल के संयोजक विधायक लखेश्वर बघेल एवं पूर्व विधायक रेखचंद जैन ने जिला प्रशासन और खनिज विभाग पर मिलीभगत का आरोप लगाया।

जांच दल रविवार को तरलागुड़ा और तीमेड़ के रेत खदानों का दौरा कर स्थानीय ग्रामीणों से मुलाकात की और स्थिति का जायजा लिया । जांच में सामने आया कि भाजपा नेता और कथित रेत ठेकेदार बी. गौतम राव द्वारा बड़े पैमाने पर करोड़ों रुपये की रेत का अवैध उत्खनन और अंतर्राज्यीय परिवहन किया जा रहा है। उन्होंने कहा ठेकेदार की गतिविधियां न केवल संविधान की पांचवीं अनुसूची और पंचायती राज व्यवस्था का उल्लंघन करती हैं बल्कि पेसा (पंचायत उपबंध (अनुसूचित क्षेत्रों में विस्तार ) अधिनियम) कानून और राष्ट्रीय हरित अधिकरण के नियमों का भी खुलेआम उल्लंघन हैं ।

पत्रवार्ता में सीधा आरोप लगाया गया कि नीचे से लेकर उपर तक जाता है हिस्सा । जिसका खामियाजा स्थानीय ग्रामीणों को भुगतना पड़ रहा है । महेंगे दर में रेत खरीदने को मजबूर हैं लोग। भाजपा की सुशासन सरकार को जनता से कोई सरोकार नहीं । अपनों के फायदे के लिए जिÞले से




रेत अन्य राज्यों में खपाया जा रहा है। जांच दल ने कहा बस्तर संभाग एक आदिवासी बहुल क्षेत्र है जहां संविधान की पांचवीं अनुसूची, पंचायती राज व्यवस्था और पेसा कानून लागू हैं। इसके बावजूद एक कथित ठेकेदार बिना किसी रोक-टोक के करोड़ों रुपये की रेत का अवैध उत्खनन कर तेलंगाना व महाराष्ट्र में इसका परिवहन कर रहा है । यह न केवल स्थानीय पंचायतों और सरकार को मिलने वाली खनिज रॉयल्टी की चोरी है बल्कि बस्तर के प्राकृतिक संसाधनों की लूट का भी मामला है । इस अवैध कारोबार को संरक्षण देने वालों की पहचान कर कठोर कार्रवाई की जानी चाहिए । जांच दल ने रेत उत्खनन में भारी मशीनों और वाहनों के उपयोग पर गहरी चिंता जताई जहां से प्रतिदिन सैकड़ों बड़ी बड़ी ट्रकों से रेत का अंतर्राज्यीय परिवहन अवैध रूप से बड़े पैमाने पर बिना किसी वैध जांच के किया जा रहा है । जो नियमों और पर्यावरणीय दिशानिदेर्शों का उल्लंघन है । दल ने चेतावनी दी कि यदि यह स्थिति अनियंत्रित रही, तो बस्तर की जीवनदायिनी इंद्रावती नदी का प्रवाह क्षेत्र प्रभावित हो सकता है, जिससे पर्यावरणीय संकट और जनहानि का खतरा बढ़ेगा। जांच दल ने कहा नियमों को ताक पर रखकर भारी मशीनों से रेत निकाली जा रही है जिससे नदी का पारिस्थितिकी तंत्र खतरे में है। यह बस्तर के पर्यावरण और आदिवासी समुदायों के लिए दीर्घकालिक खतरा है ।

#### आदिवासियों के हितैषी होने का दावा झूठा

विधायक लखेश्वर बघेल ने आदिवासी हितों की रक्षा में सरकार के विफल रहने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा सरकार आदिवासियों के हितैषी होने का दावा करती है वहीं दूसरी ओर बस्तर के बहुमूल्य खनिज संसाधनों की लूट को संरक्षण दे रही है।

---

# जहां अकाल मौतें होती थी,अब वहां बच्चे दवा बना रहे : मिश्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

दो दशक पहले बस्तर के सुदूर आदिवासी क्षेत्र में ग्रामीणों को समय पर उपचार और दवा नही मिलने से हर वर्ष सैकड़ो लोगो की असमय मौत होती थी। अब ऐसे सुदूर क्षेत्र के बच्चे उपचार के लिए दवा बनाने लगे है। यह बच्चे फार्मेसी कॉलेज में अध्ययन के दौरान लेब्रोटरी में दवा कैसे बनता है,उसका प्रशिक्षण ले रहे है। यह सुविधा बोरपदर स्थित दंतेश्वरी कॉलेज ऑफ फार्मेसी में विद्यार्थिओं को तकनीकी शिक्षा में दी जा रही है। यह विचार दंतेश्वरी कॉलेज ऑफ ऑफ फार्मेसी के 7 वें फाउंडेशन डे के अवसर पर मुख्य अतिथि आनंद मोहन मिश्रा ने कही।

उन्होंने कहा ओड़सिा से बस्तर आकर डॉ श्रुति रंजन मिश्रा ने कालेज की आधारशिला रखा। 2019 में शैना एजुकेशनल ट्रस्ट द्वारा स्थापित यह कॉलेज गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, शोध तथा आर्थिक आत्मनिर्भरता के माध्यम से समाज को सशक्त बनाने के उद्देश्य से कार्य कर रहा है। अकादमिक उत्कृष्टता और नवाचार पर ध्यान केंद्रित करते हुए कॉलेज डी फामेर्सी,बी फामेर्सी और एम. फामेर्सी सहित विभिन्न पाठ्यक्रम प्रदान करता




है। जिससे छात्र प्रतिस्पर्धा में पेशेवर बन सकें। विशेष अतिथि एल गुप्तेश्वर राव सोनी ने स्व. श्रीनिवास मिश्रा जिनके जयंती पर कॉलेज में फाउंडेशन डे मनाया जा रहा उन्हें याद करते कहा कि वे शिक्षाविद थे,वेदों पर उनकी अच्छी पकड़ रही। उनके पुत्र डॉ श्रुति रंजन मिश्रा मल्टीनेशनल फार्मा कंपनी में लाखों का पैकेज छोड़ बस्तर जैसे क्षेत्र के आदिवासी बच्चों का जीवन स्तर को उज्ज्वल करने में लगे हैं।







---

# अभिकर्ता महासम्मेलन में आएंगे राष्ट्रीय पदाधिकारी

**जगदलपुर।** भारतीय जीवन बीमा निगम का अभिकर्ता महासम्मेलन आगामी 17 सितंबर को धरमपुरा में होगा। पहली बार अध्यक्ष एवं संगठन आईआरडीए राजनितिक एन गजपति राव तथा क्षेत्रीय अध्यक्ष मध्य क्षेत्र भोपाल से मो. सईद खान बस्तर आ रहे है। अभिकर्ता संघ के अध्यक्ष सुकुमार धर ने बताया कि 17 सितंबर को 10.30 बजे से कार्यक्रम शुरू होगा। संघ के बड़े नेताओं के विशाखापट्नम और भोपाल से आने को लेकर अभिकर्ताओं में काफी उत्साह है। विगत 2 सप्ताह से कार्यक्रम की तैयारी चल रही है। अतिथिओं के स्वागत से




- 17 सितंबर को लियाफी का है कार्यक्रम

लेकर सम्पूर्ण कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी पदाधिकारी और अभिकर्ता जुटे हुए है। राष्ट्रीय स्तर के पदाधिकारियों के आगमन से स्थानीय संगठन को न केवल मजबूती मिलेगी बल्कि कई नई जानकारी भी बीमा व्यवसाय के मिलने से अभिकर्ताओं के ज्ञान में वृद्धि होगी। सचिव मनोज गुप्ता ने बताया कि स्थानीय संगठन के लिए बड़ी बात है जब राष्ट्रीय पदाधिकारियों का मार्गदर्शन मिलेगा। उन्होंने बस्तर संभाग के सभी अभिकर्ताओं से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपेक्षा की है।

### हड़तालियों ने केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री को भेजा पोस्ट कार्ड

**जगदलपुर।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) संघ छत्तीसगढ़ के आह्वान पर संघ के बस्तर जिला 18 अगस्त से निरंतर अनिश्चितकालीन हड़ताल में हैं, जिससे एनएचएम संघ नियमितीकरण मुख्य मांगे सहित 10 मांगों को लेकर शहर के पुराने कृषि उपज मंडी परिसर में प्रदर्शन कर रहे हैं। सोमवार को हड़तालियों ने मांगों को लेकर केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री को पोस्ट कार्ड भेजा, जिसमें कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार उनकी पुकार नहीं सुन रही है। संघ की जिला अध्यक्ष श्रीमती शकुंतला जंगले एवं अन्य पदाधिकारियों ने बताया कि यदि मांगे पूरी नहीं हुई तो अपनी मांगों को लेकर इसी तरह कार्यक्रमों रैली के माध्यम से निरंतर विरोध करने के लिए बाध्य होते रहेंगे। सरकार की ओर से अब तक कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया है, इसलिए आगामी आंदोलन को उग्र किया जाएगा।







